## Headline

- **Karnataka Election: चुनाव लड़ने जा रहे भाजपा के इस नेता की संपत्ति 1609 करोड़ रुपये, नामांकन में हुआ खुलासा**
- **UP Nikay Chunav: सपा-रालोद गठबंधन में रार, कई सीटों पर दोनों ने उतारे उम्मीदवार, कोई भी पीछे हटने को राजी नहीं**
- **COVID-19: भारत में कोरोना के नए मामलों में आ रही कमी, बीते 24 घंटे में 7,633 केस, सक्रिय मामले 61,000 पार**
- **'दोस्त' से ही चालबाजी!: आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में बार-बार बंद किए जा रहे चीन के व्यापार, जानें वजह**
- **Supreme Court: अतीक-अशरफ हत्याकांड की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाने की मांग, 24 अप्रैल को होगी सुनवाई**


दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 278 | इंदौर, मंगलवार 18 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# मप्र के 20 शहरों में झुलसाने वाली गर्मी

### भोपाल-ग्वालियर में पारा 40 के पार, खजुराहो और राजगढ़ रहे सबसे गर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । बूंदाबांदी-आंधी के बाद मध्यप्रदेश में गर्मी ने फिर तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत मध्यप्रदेश के 20 शहरों में पारे ने उछाल खाया है। भोपाल में सोमवार को ऐसी गर्मी पड़ी कि सड़क का डामर ही पिघल गया। सीजन में पहली बार पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा। ग्वालियर में भी सीजन का सबसे गर्म दिन रहा तो इंदौर-जबलपुर के लोग भी तेज गर्मी से परेशान हो गए। उधर खजुराहो और राजगढ़ देश में 7वें और 9वें सबसे गर्म शहर रहे। दोनों जगह पारा 43.2 डिग्री पर पहुंचा।

## भोपाल में सोमवार को ऐसी गर्मी पड़ी कि सड़क का डामर ही पिघल गया

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आसमान साफ होने की वजह से गर्मी का असर बढ़ गया। हालांकि, 18 अप्रैल से फिर से मौसम बदलेगा। इससे हल्की बूंदाबांदी और आंधी चलने की संभावना है।

सोमवार को भोपाल में दिन का तापमान 40.9, इंदौर में 39.6, ग्वालियर में 41.7 और जबलपुर में 40.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। खजुराहो प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि रविवार को भोपाल समेत प्रदेश के कई शहरों में बारिश-आंधी हुई थी। अगले ही दिन मौसम में बदलाव देखने को मिला।



### सीधी की रात सबसे गर्म

मध्यप्रदेश में सीधी की रात सबसे गर्म रही। यहां सोमवार रात का पारा 25.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। टीकमगढ़ में यह 25 डिग्री रहा। सबसे कम तापमान नरसिंहपुर में 18 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। मलाजखंड में 18.1, पचमढ़ी में 18.4, मंडला और रीवा में 19.6 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। बाकी जिलों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से ज्यादा रहा।

### यहां 20 डिग्री से ज्यादा रात का पारा

| | |
|---|---|
| सतना | 24.8 |
| नर्मदापुरम | 24.5 |
| सागर | 24.2 |
| दतिया | 24.2 |
| दमोह | 24.0 |
| रतलाम | 24.0 |
| नौगांव | 23.6 |
| बैतूल | 23.0 |
| खजुराहो | 22.0 |
| खंडवा | 22.0 |
| खरगोन | 22.0 |
| छिंदवाड़ा | 21.4 |
| गुना | 21.4 |
| उमरिया | 21.4 |
| रायसेन | 21.0 |
| सिवनी | 21.0 |
| धार | 20.0 |
| उज्जैन | 20.0 |

(तापमान डिग्री सेल्सियस में)

### ● इन शहरों में पारा 40 डिग्री के पार

सोमवार को भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और खजुराहो समेत करीब 20 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार रहा। सतना-टीकमगढ़ में पारा 42 डिग्री, नर्मदापुरम, नौगांव, सीधी, रतलाम, उमरिया, खरगोन और मंडला में 41 डिग्री, गुना, खंडवा, शिवपुरी, रीवा और सागर में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा ही रहा।

### ● आज से मौसम बदलने के आसार

मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। इसका असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। जिससे गर्म हवाएं मध्यप्रदेश में नहीं आ रही हैं। दूसरी ओर साउथ वेस्ट राजस्थान के ऊपर सर्कुलेशन बना हुआ है। नॉर्थ छत्तीसगढ़ से केरल तक महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक होते हुए ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। वहीं, अरब सागर से थोड़ी सी नमी बनी हुई है। इस कारण प्रदेश में मौसम बदल गया है। 18 और 19 अप्रैल को मौसम में और भी बदलाव होगा। इससे प्रदेश के दक्षिण हिस्से यानी खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बैतूल, हरदा, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में कहीं-कहीं गरज-चमक की स्थिति रहेगी। भोपाल में 18 और 19 अप्रैल को फिर बारिश होने के आसार है।

# शहर विकास के लिए बनेगा 85 वार्डों का मास्टर प्लान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दो महीने पहले निकाली गई विकास यात्राओं के बाद नगर निगम अब वार्ड सर्वे करवाकर विकास कार्यों का मास्टर प्लान बनाएगा। इसमें बताया जाएगा कि किस क्षेत्र में कितना काम हुआ है। सोमवार को सिटी बस ऑफिस में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने विकास कार्यों, स्वच्छता अभियान, जलसंकट व अन्य मुद्दों को लेकर बैठक बुलवाई। इसमें आगामी बजट पर चर्चा हुई।

स्वच्छता अभियान के तहत सातवीं बार भी नंबर वन रहने के लिए सभी को मुस्तैदी बरतने को कहा। जोन और वार्ड क्षेत्र में नियंत्रणकर्ता अधिकारी और संबंधित अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने के लिए कहा गया। बैठक में अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन, अभय राजनगांवकर, अभिषेक गेहलोत, देवधर देवरई, अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, दिलीप सिंह चौहान व अधिकारी मौजूद रहे।



### जहां पानी की किल्लत ज्यादा, वहां टैंकर भिजवाएं

महापौर ने कहा जहां पाइप लाइन का काम पूरा हो चुका है, उसे शुरू करें। जहां ज्यादा परेशानी है, वहां टैंकर से पानी पहुंचाएं। शासन के निर्देशानुसार 5 फरवरी से 25 फरवरी तक सभी विधानसभाओं में विकास यात्राएं निकाली गईं। अब विधानसभावार विकास कार्यों और योजनाओं की बुकलेट तैयार की जा रही है। सभी वार्डों के लिए अलग मास्टर प्लान बनाया जाए। वर्तमान में वार्ड की क्या स्थिति है, कहां-कहां काम हुए और कितनी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई है। वार्ड में स्थित सड़कें, पुल-पुलिया, उद्यान, चौराहों और अन्य विकास कार्य का कंसल्टेन्ट के माध्यम से सर्वे करने के लिए कहा गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जल्द मास्टर प्लान तैयार किया जाए।



## श्री फूलसिंह कुवाल जी उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा एव बैरवा प्रतिभा सम्मान समिति इंदौर द्वारा संयुक्त रूप से म.प्र.कांग्रेस कमेटी SC विभाग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष फूलसिंह कुवाल का फूल मालाओं से स्वागत कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्री रामकरण गोठवाल जी,डॉ.कैलाश जिनवाल जी,कन्हैयालाल लोदवाल जी,राजू मेहरा जी,दिलीप अखंड जी,कमल बैरवा जी, ओ.पी.जाटवा जी,के.एल.लोदवाल जी, जालम सिंह अहिरवार जी,एम एल लोदवाल जी,मुकेश मिमरोट जी,आर. ए.निहोरे जी,सुभाष मरमट जी,नंदू लोदवाल जी,महेश गोठवाल जी,रुपेश लोदवाल जी सहित सर्वसमाज के प्रतिनिधियों ने अपनी और से भी बधाई संदेश प्रेषित किए।

## 5 नंबर विधानसभा में कांग्रेस कराएगी जया किशोरी की कथा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर की 5 नंबर विधानसभा सीट से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल इस बार फिर अपनी दावेदारी जता रहे हैं। पिछले बार वे भाजपा प्रत्याशी से मात्र 1133 वोट से हार गए थे, ऐसे में वो अबकी बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। मतदाताओं तक पहुंचने के लिए पटेल क्षेत्र में लगातार आयोजन करवा रहे हैं। बीते दो महीने के अंदर वे क्षेत्र में अब तीसरे बड़े आयोजन की तैयारी में जुटे हैं। अगले महीने 19 से 21 मई के बीच प्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी के नानी बाई रो मायरो का आयोजन पटेल करवा रहे हैं। आयोजन तिलक नगर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राउंड पर होगा। लोगों को घर-घर पहुंचकर उनकी टीम आमंत्रण पत्र स्वरूप पम्पलेट दे रही है और कार्यक्रम में आने का आग्रह कर रही है। इससे पहले पिछले महीने



रंग पंचमी पर भजन गायक अनूप जलोटा की पटेल ने भजन संध्या क्षेत्र में करवाई थी। फिर हाल ही में 29 मार्च को राम नवमी के अवसर पर प्रसिद्ध गायक 'मेरा भोला है भंडारी भजन' गाने वाले हंसराज रघुवंशी का प्रोग्राम उन्होंने अभय प्रशाल में करवाया और अब जय किशोरी को अगले महीने बुला रहे हैं। इतना ही नहीं चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, ऐसे में क्षेत्र में उनकी सक्रियता भी बढ़ गई है। भंडारे, कलश यात्रा से लेकर हर छोटे-बड़े कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति नजर आ रही है। डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर पटेल ने समरसता भोज का आयोजन भी किया।

**ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ने एयर लाइंस के सामने उठाई मांग**

## सिंगापुर की सीधी उड़ान शुरू हुई तो मिलेगा फायदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर से सिंगापुर और बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान शुरू करने की मांग लंबे समय से हो रही है। ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने दोबारा मांग को उठाया है। इसके लिए इंडिगो, एयर इंडिया सहित अन्य एयर लाइंस से बात की है। सिंगापुर से पहले बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान का तोहफा मिल सकता है। इसे इंडिगो एयर लाइंस शुरू कर सकती है।**

ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह जौदान ने बताया कि अभी इंदौर से दुबई और शारजाह के लए सीधी उड़ान का संचालन एयर इंडिया कर रही है। ये प्रदेश की एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें हैं और दोनों



ही उड़ानों को यात्रियों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

इंदौर से टूरिज्म के लिहाज से बड़ी संख्या में लोग थाईलैंड और सिंगापुर जाते हैं। ऐसे में एयर लाइंस को इन स्थानों के लिए भी सीधी उड़ानें शुरू करनी चाहिए। आसपास की सिटी और स्टेट के लोगों का ट्रैफिक भी इन उड़ानों को मिलेगा। पिछले दिनों नागपुर में हुई एयर लाइंस पदाधिकारियों के साथ मीटिंग में इस बात को प्रमुखता से उठाया गया। सीधी उड़ान से यात्रियों को सुविधा मिलने के साथ ही कंपनी को भी फायदा होगा। इंडिगो की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। साल के अंत तक अच्छी खबर मिल सकती है। फिलहाल दुबई और शारजाह उड़ानों को अच्छा ट्रैफिक मिल रहा है। ट्रैफिक बढ़ने से किराए में भी बढ़ोतरी हो गई है।

इंदौर से शारजाह के बीच सप्ताह में तीन दिन सोमवार, शुक्रवार और शनिवार को सीधी उड़ाने संचालित हो रही है, जबकि दुबई की फ्लाइट सप्ताह में एक ही दिन है। शारजाह उड़ान के कारण दुबई उड़ान का दबाव भी कम हुआ है। दुबई जाने वाले यात्रियों को शारजाह फ्लाइट का अतिरिक्त विकल्प मिल गया है। शारजाह से 30 मिनट में सड़क मार्ग से दुबई पहुंचा जा सकता है। दुबई वेस्टर्न वर्ल्ड का गेटवे है, इसलिए यूरोप और यूएस जाने वाले भारीय दुबई होते हुए जाते हैं।

**अंतर विभागीय मामलों के त्वरित निराकरण के लिए अभिनव पहल के तहत पोर्टल हो रहा है तैयार**

## सभी स्कूली बच्चों का तैयार होगा डेटाबेस

### ● डेटाबेस तैयार नहीं करने वाले स्कूलों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी की अध्यक्षता में आज यहां समय सीमा के पत्रों के निराकरण तथा अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती वंदना शर्मा तथा अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में बताया गया कि अंतर विभागीय मामलों के निराकरण के लिए एक अभिनव पहल करते हुए इंटर डिपार्टमेंटल इश्यू मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल तैयार किया जा रहा है। यह पोर्टल एक विभाग की दूसरे विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण में बेहद मददगार होगा और समस्याओं के निराकरण की मॉनीटरिंग भी आसानी के साथ हो सकेगी। इस पोर्टल का आज बैठक में डेमो भी दिखाया गया। बैठक में बताया गया कि इस पोर्टल का नाम सुझाया जा सकता है। पोर्टल का नाम जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक श्रीमती अंकिता पोरवाल को दिया जा सकता है। सभी शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों का डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने निर्देश दिए हैं कि सभी स्कूल यह सुनिश्चित करें कि उनके स्कूली बच्चों का डेटाबेस अनिवार्य रूप से तैयार हो जाए और निर्धारित पोर्टल में उनकी अनिवार्य रूप से एंट्री हो।

उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूल जो डेटाबेस तैयार करने में रूचि नहीं ले रहे हैं और डेटाबेस तैयार नहीं कर रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान की भी समीक्षा की।

उन्होंने बैठक में अस्पतालों और होटलों में फायर सेफ्टी और विद्युत सुरक्षा की विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अस्पतालों और होटलों में अनिवार्य रूप से अग्नि सुरक्षा के समुचित प्रबंध रहे। विद्युत सुरक्षा के मापदंडों के अनुसार सभी बिजली फिटिंग और अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों और होटलों के लिए फायर सेफ्टी एनओसी और विद्युत सुरक्षा एनओसी अनिवार्य है।

## कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी की संवेदनशील पहल

**इंदौर।** इंदौर कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी की संवेदनशील पहल निरंतर दिखाई दे रही है। इसी सिलसिले में एक और संवेदनशीलता दिव्यांगों के प्रति दिखाई दी, जब उन्होंने दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए रहने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की। इस पहल से दृष्टिहीन विद्यार्थी इंदौर में रहकर अपनी शिक्षा-दीक्षा ग्रहण कर सकेंगे और अपने उज्वल भविष्य की ओर कदम आगे बढ़ाएंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी से पिछली जनसुनवाई में कुछ दृष्टिहीन विद्यार्थी मिले थे और उन्होंने अपनी समस्या उनके समक्ष रखी थी। दृष्टिहीन विद्यार्थियों ने कहा था कि वह इंदौर में शिक्षा और प्रशिक्षण ग्रहण करने के लिए आए हैं। उनके लिए रहने की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेकर संवेदनशील निराकरण की पहल शुरू की थी।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



### शिवराज सिंह की सुरक्षा में चूक

# सीएम के बगल में बैठकर चोर ने किया भोजन, मामा के साथ सेल्फी भी ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। दरअसल, प्रदेश के सीधी जिले में आयोजित मुख्यमंत्री के सामूहिक भोज पंगत के दौरान एक चोर भी शामिल हुआ। इतना ही नहीं, चोर की हिम्मत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि, उसने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की बगल में बैठकर ही भोजन कर लिया। साथ ही, उनके साथ भोजन करते हुए सेल्फी भी ले डाली। पड़ोस में बैठे युवक द्वारा सेल्फी लिये जाने पर शिवराज मामा ने उसकी पीठ भी थपथपाई थी। हालांकि, ये मुख्यमंत्री की सुरक्षा में बड़ी चूक है। जिला प्रशासन की इस लापरवाही के उजागर होने के बाद से हड़कंप मच गया है। बीते 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सीधी जिले के दौरे पर थे। यहां उन्होंने लाडली बहना योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना और हितग्राहियों को भू अधिकार पट्टे का वितरण किया था। कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज के साथ साथ अन्य अतिथियों ने जिले के हितग्राहियों के साथ पंगत में बैठकर भोजन किया। इस दौरान प्रशासन ने लापरवाही बरतते हुए सीएम की बगल में एक चोर को बैठा दिया।



हालांकि, अब इस घटना के कुछ वीडियोज और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने तुल पकड़ा है। इसके बाद से ही जिला प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन की ये चूक प्रदेशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है।जिस चौर ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बगल में बैठकर भोजन कर लिया उसका नाम अरविंद गुप्ता है, जिसपर 43 नग लकड़ी चोरी करने का आरोप लगा है और वो 10 अप्रैल को जेल भी गया था। उसके ऊपर वन विभाग के द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 2, 26, 52 सहित अन्य धाराओं के तहत केसदर्ज किया था, जिसके चलते वो दो दिनों के लिए जेल में भी रहा है। लेकिन, प्रशासन की लापरवाही के चलते जेल से लौटकर आने के दो दिन बाद ही कोई शख्स सीएम की बगल में बैठकर भोजन करता है, उनके साथ सेल्फी लेता है और जिम्मेदारों को उसके बारे में कुछ पता ही नहीं होता। ऐसे में अंदाजा लगाएं कि, किसी भी गलत नियत रखने वाले के लिए भी सीएम के इतने नजदीक तक पहुंच पाना कितना आसान है। फिलहाल, देखने वाली बात ये है कि, सीएम की सुरक्षा में इतनी गंभीर लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ क्या एक्शन लिया जाता है।

# सीएम हेल्पलाइन में बैंक संबंधी शिकायतें बढ़ीं

### कमी लाने की कार्ययोजना बनाएगी मध्य प्रदेश सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** सीएम हेल्पलाइन में बैंक संबंधी शिकायतें बढ़ रही हैं। शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं में बैंक द्वारा ऋण उपलब्ध न कराने के कारण हितग्राही अब सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर रहे हैं। प्रत्येक सप्ताह ऐसी 150 से अधिक शिकायतें हो रही हैं। अब बैंकों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने और योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को समय पर लोन उपलब्ध कराने के लिए संस्थागत वित्त द्वारा कार्ययोजना तैयार की जाएगी। माह के अंतिम सप्ताह में शिकायतों के विवरण संबंधी सूचना बैंक के राज्य प्रमुख को दी जाएगी। माह में एक बार एवं पाक्षिक रूप से टाप-10 बैंकों के साथ आनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग कर ऐसे प्रकरणों के निराकरण करने के प्रयास होंगे। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों से संबंधित जानकारी जैसे कि 100 दिवस, 300 दिवस, टाप 10 बैंक, टाप -10 जिले की रिपोर्ट राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के वाट्सएप ग्रुप पर नियमित अंतराल में साझा की जाएगी। जिले में पदस्थ अल्प बचत अधिकारियों के माध्यम से जिला अग्रणी प्रबंधक से फालोअप कराया जाएगा। एसएलबीसी मीटिंग की प्रस्तुति में सीएम हेल्पलाइन से संबंधित स्लाइड भी रखी जाएगी। सरकारी योजनाओं के तहत ऋण लेने के लिए किए गए आवेदन अगर बैंक निरस्त करता है तो बैंक को कारण भी बताना होगा। इसके लिए आयुक्त संस्थागत वित्त द्वारा "समस्त" पोर्टल बनाया गया है। मध्य प्रदेश शासन की बैंक वित्त पोषित योजनाओं के लिए यह सिंगल विंडो आनलाइन सिस्टम है। इसमें प्रदेश के सभी बैंक जुड़े हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की बैठक ली थी, इसमें स्पष्ट किया गया है कि अगर योजना के तहत हितग्राही बैंक से ऋण लेने के लिए आवेदन करता है तो उसे हरसंभव मदद करें और ऋण उपलब्ध कराएं।

# महाराष्ट्र सीमा से लगे गांवों में अज्ञात जानवर ने 32 लोगों को किया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झिरन्या।** सीमावर्ती महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की सीमाओं पर बसे गांवों में रविवार रात अज्ञात हिंसक पशु ने हमला किया। लोग गहरी नींद में थे। वे कुछ समझ पाते, तब तक वह उसने घायल कर दिया। दोनों प्रांतों के वन अधिकारियों ने 32 लोगों के घायल होने एवं 16 गंभीर घायलों को खरगोन और जलगांव के अस्पतालों में भर्ती करवाया है। घटनाक्रम रविवार रात करीब 11.30 बजे हरण कुंडिया के बोंदर फालिया से शुरू हुआ। पहले हमले का शिकार सुरसिंह भिलाला हुआ। फिर रात 12 बजे खड़किया नदी के समुद्र फालिया का अधेड़ जुगड़िया आदिवासी और मास्टर मगन 40 वर्षीय भी अज्ञात पशु के हमले के शिकार हो गए। रात 12.30 बजे छेंडिया अंजन में चार लोगों पर हमला किया। इनमें बाकली बाई चंपालाल भीलाला, रुंदलीबाई बारेला, बांगरिया डोंगरिया, जगदीश रामा शामिल हैं। जानकारी की सूचना मिलते ही सब रेंज गाडगिया आम के वनकर्मी वीरेंद्र गोहिया और वाणी मौके पर पहुंचे और उन्हें रात्रि में ही घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। इस घटना में चार गंभीर घायलों को वनकर्मी गोहिया रात्रि में ही रिक्शे से शासकीय अस्पताल लेकर आए। जिन्हें खरगोन रेफर कर दिया गया। इनमें रुंदलीबाई, बाकलीबाई, सुनील, गुलाब डोंगरसिंह हैं। वन परीक्षेत्र अधिकारी तितरानियां पीयूष कुमार चौधरी ने खरगोन अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात की।

# सरकार बनाने कांग्रेस ओबीसी, एससी और एसटी पर बढ़ाएगी फोकस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए कांग्रेस ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। कांग्रेस अब ओबीसी, एससी और एसटी सीटों पर ज्यादा फोकस करेगी। इसे लेकर सोमवार को भोपाल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आवास पर कांग्रेस की चुनाव अभियान समिति की बैठक में चर्चा हुई। पिछली बार कांग्रेस को अनुसूचित जनजाति को बड़ी संख्या में सीटें मिली थे, जिससे उसने सत्ता में वापसी की थी। अब कांग्रेस अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति वर्ग के बीच सक्रिय होगी।**



बता दें, भाजपा भी अनुसूचित जाति और जनजाति के वोटरों को साधने के लिए लगातार कार्यक्रम कर रही है। आरएसएस ने आदिवासी क्षेत्रों में काम शुरू कर दिया है। वहीं, कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के वोटरों के बीच पहुंचेगी। कांग्रेस जनता को बताएगी कि ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण उनकी सरकार ने ही लागू किया जबकि भाजपा सरकार के कारण ओबीसी वर्ग को आरक्षण से वंचित रहना पड़ा। इसको लेकर कांग्रेस जल्द काम शुरू करेगी।

इसके अलावा बैठक में हारी हुई सीटों पर भी चर्चा हुई। लगातार हार रही सीटों पर कांग्रेस के दिग्गज नेता लगातार दौर करेंगे। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह लगातार इन सीटों पर दौरा कर रहे हैं। उन्होंने अपने फीडबैक की भी बैठक में चर्चा की। पार्टी ने मालवा निमाड़ और विंध्य पर अधिक फोकस करने को लेकर भी चर्चा की। पार्टी जल्द ही विंध्य क्षेत्र में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के दौरे को लेकर कार्यक्रम भी बनाएगी।

### बैठक में ये थे मौजूद

बैठक में दिग्विजय सिंह, अजय सिंह, डॉक्टर गोविंद सिंह, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, सुरेश पचौरी, सज्जन सिंह वर्मा जीतू पटवारी, बाला बच्चन, मीनाक्षी नटराजन, तरुण भनोट, जयवर्धन सिंह, रामनिवास रावत।

# लाड़ली बहना योजना का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर CMO का वेतन कटेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


**सीहोर।** जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में महिलाओं के पंजीयन, ई-केवाइसी तथा डीबीटी कार्य की निकायवार एवं जनपदवार समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं के पंजीयन का लक्ष्य 20 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन नहीं करने वाली जनपदों एवं नगरीय निकायों को कड़ी फटकार लगाते हुए दो दिनों में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पंजीयन की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि लाड़ली बहना योजना के तहत अभी तक जिले में कुल एक लाख 85 हजार 975 लाड़ली बहनों का पंजीयन किया जा चुका है।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कोरोना पॉजिटिव, प्रदेश में 46 संक्रमित मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामले चिंता बढ़ा रहे हैं। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी रिपोर्ट में 46 नए पॉजिटिव मिले है। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या 306 पहुंच गई है। वहीं, 27 मरीज ठीक हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया पर खुद संक्रमित होने की जानकारी दी।**

डॉक्टरों के परामर्श पर कराई गई कोविड-19 कि जाँच में मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। आप सभी से मेरा अनुरोध है कि पिछले कुछ दिनों में जो भी मेरे सम्पर्क में आएं हैं, वो सभी सावधानी बरतें या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जाँच करवायें।



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट किया कि डॉक्टरों के परामर्श पर कराई गई कोविड-19 की जांच में मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। आप सभी से मेरा अनुरोध है कि पिछले कुछ दिनों में से जो भी मेरे संपर्क में आएं हैं, वो सभी सावधानी बरतें या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जांच करवाएं। बता दें सिंधिया 16 अप्रैल को ग्वालियर के अंबेडकर महाकुंभ में शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा समेत कई मंत्री शामिल हुए थे।

वहीं, स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जबलपुर में सबसे ज्यादा 20 पॉजिटिव मिले हैं। इसके बाद भोपाल में 15, सागर और राजगढ़ में 3-3 मरीज मिले है। इसके अलावा इंदौर में 2 एवं रायसेन, ग्वालियर और उज्जैन में 1-1 संक्रमित मिला है। इनमें से 8 मरीज अस्पताल में भर्ती है। हालांकि राहत की बात यह है कि कोई भी ऑक्सीजन सपोर्ट पर नहीं है। अस्पताल में पांच मरीज भोपाल और तीन मरीज इंदौर में भर्ती हैं। प्रदेश की रिपोर्ट के अनुसार अब तक 10 लाख 55 हजार 673 मरीज संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 10 लाख 44 हजार 588 ठीक हो चुके हैं। कोरोना के कारण अब तक 10 हजार 779 मरीज की सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार मौत हुई है।

## संपादकीय

### सख्त रूख, लेकिन नाकाम क्यों...?

जमीनी तस्वीर यह है कि राज्य में पाबंदी के बावजूद शराब हासिल करना कोई मुश्किल काम नहीं देखा गया। ऐसे आरोप भी सामने आए कि कई स्तर पर मिलीभगत के बूते आज भी शराब के अवैध कारोबार को अंजाम दिया जाता है। इसी बीच कई बार जहरीली शराब भी बेच दी जाती है और उसका शिकार आमतौर पर वैसे गरीब लोग होते हैं, जो जागरूक नहीं होते हैं। गौरतलब है कि बिहार के मोतिहारी में तीन दिन पहले शराब पीने के बाद फिलहाल छब्बीस लोगों की जान जाने की खबर आ चुकी है। हैरानी की बात यह है कि राज्य में शराब पर सख्त पाबंदी को मौजूदा सरकार अपनी एक बड़ी उपलब्धि बताती रही है। मगर समय-समय पर अमूमन हर जगह अवैध रुप से शराब मिलने की खबरों को लेकर जब सवाल उठाए गए और पाबंदी की व्यावहारिकता को कठघरे में खड़ा किया गया, तब भी सरकार ने इस मामले में नरमी बरतने के कोई संकेत नहीं दिए। सवाल है कि अगर सरकार शराब पर प्रतिबंध को लेकर अपने सख्त रुख को उचित मानती है तो उसे जमीन पर उतारने में लगातार नाकाम क्यों दिख रही है! हालांकि कुछ महीने पहले राज्य के छपरा जिले में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों की पिछली घटना के बाद राज्य में काफी तीखी प्रतिक्रिया उभरी थी और विपक्षी दलों ने सवाल उठाए थे। तब मुख्यमंत्री ने जो प्रतिक्रिया दी थी, उसे भी संवेदनशीलता की कसौटी पर उचित नहीं माना गया था। जबकि पाबंदी के बावजूद अगर कहीं किसी रूप में सामान्य या जहरीली शराब मिल रही है तो यह राज्य के प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही और विफलता का ही सूचक है। अगर सरकारी तंत्र की नाकामी की वजह से जहरीली शराब के कारोबारी अपना धंधा चला रहे हैं तो सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। शायद इसी तरह के सवालों से उपजे दबाव का नतीजा है कि इस बार अपना रुख बदलते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ने यह अहम घोषणा की कि मोतिहारी में जहरीली शराब पीने से मरने वालों के अलावा पहले की घटनाओं में हुई मौतों के मामले में भी पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा।

**Health is Wealth**

# बच्चे करने लगे हैं मनमानी

**तो हैंडल करने के लिए अपनाएं ये असरदार उपाय**

अगर आपको भी अपने टीनएज बच्चे से इस बात की शिकायत रहती है कि वो आपकी कोई बात आसानी से नहीं सुनता और हमेशा अपनी मनमानी करता रहता है तो यह खबर आपके लिए ही है। जी हां, आजकल ज्यादातर माओं की अपने बच्चों से यही एक कॉमन शिकायत रहती है कि उनके बच्चे मनमानी करते रहते हैं। ऐसे में उन्हें डील करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि टीनेजर बच्चों को आप ना तो बच्चों की तरह डील कर सकते हैं और ना ही अडल्ट्स की तरह। यह वह उम्र होती है जब बच्चा अपने आसपास होने वाले हर चेंज से प्रभावित होता है, जिसकी वजह से उसका नेचर कभी गुस्सैल तो कभी जिद्दी हो सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं आखिर टीनएज बच्चे इस उम्र में क्यों करने लगते हैं मनमानी और आप कैसे उन्हें स्मार्ट तरीके से कर सकते हैं डील।



## टीनएज बच्चों के मनमानी करने के पीछे ये होती है वजह

टीनएज उम्र में बच्चों के शरीर में कई तरह के हार्मोन बदलाव होते रहते हैं। शरीर में होने वाले इन हार्मोनल बदलाव का असर उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। जिसकी वजह से वो कभी गुस्सा तो कभी चिड़चिड़ा महसूस करते हैं। लेकिन पैरेंट्स को लगता है कि उनका बच्चा मनमानी कर रहा है। बता दें, टीनएज में स्वभाव में थोड़ा-बहुत बदलाव होना सामान्य बात है, लेकिन अगर आपका बच्चा बहुत ज्यादा गुस्सैल या जिद्दी हो रहा है, तो आप उसे कुछ टिप्स अपनाकर कंट्रोल कर सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे।

## टीनएज बच्चों की मनमानी को डील करने के टिप्स

### कोई भी चीज खरीदते समय उसकी राय भी लें

अगर आप घर पर खाने-पीने की कोई चीज मंगवा रहे हैं तो ऑर्डर करने से पहले बच्चे की राय भी जरूर शामिल करें। ऐसा करने से उसे अच्छा महसूस होगा। लेकिन राय लेने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप की हर अच्छी बुरी बात मानने लगें। उदाहरण के लिए अगर आपका बच्चा खाने के लिए कुछ अनहेल्दी चीज मंगवाना चाहता है तो उसे समझाएं कि यह उसकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है।



### बच्चों को ज्वाइन करवाएं हॉबी क्लास

टीनएज उम्र में बच्चों को हर छोटी-छोटी बात पर गुस्सा आ सकता है। ऐसे में उनके गुस्से को शांत करने और एनर्जी का सही इस्तेमाल करवाने के लिए उन्हें एक्स्ट्रा एक्टिविटीज ज्वाइन करवा दें। ऐसा करने से बच्चों की ग्रोथ अच्छी होने के साथ उनका गुस्सा भी कम होगा।

### डांटने या मारने से बचें

टीनएज में अकसर बच्चों से गलतियां हो जाती हैं। ऐसे में उन्हें डांटने और पीटने की जगह समझाने की कोशिश करें। बच्चों को अपनी गलती स्वीकारना सिखाएं। अगर बच्चा गलती करने पर माफी मांग लेता है, तो आप उसे माफ कर दें।

## Highlights

1. K'taka minister Nagaraj declares assets of ₹1,609 cr before polls
2. Satellite imagery shows destruction in Sudan as clashes continue
3. EU ambassador to Sudan assaulted at Khartoum home amid clashes
4. Putin critic Vladimir Kara-Murza jailed for 25 years for 'treason'
5. Twitter labels Canadian broadcaster's account as '69% govt-funded'
6. Shettar's entry will be setback for Congress: BJP's Ashwathnarayan
7. PM running autocratic govt, trying to scare our supporters: Kharge
8. Why does Opposition speak for mafia like Atiq Ahmed: Anurag Thakur
9. Actress Mahie Gill secretly married to long-time boyfriend Ravi Kesar

# WPI inflation at 29-month low; eases to 1.34 per cent in March

**NEW DEIHI, (Agency).** The wholesale price-based inflation eased to a 29-month low of 1.34 per cent in March on easing prices of manufactured products and fuel items, even though food articles turned costly.

March is the 10th straight month when wholesale price index (WPI) based inflation has declined.

The inflation was 3.85 per cent in February and 14.63 per cent in March 2022.

Inflation in food articles, however, rose to 5.48 per cent in March as against 3.81 per cent in February.

"Decline in the rate of inflation in March 2023 is primarily contributed by fall in prices of basic metals, food products, textiles, non-food articles, minerals, rubber & plastic products, crude petroleum & natural gas and paper and paper products," the commerce and industry ministry said on Monday.



Inflation in wheat and pulses was 9.16 per cent and 3.03 per cent, respectively while in vegetables it was (-)2.22 per cent. Inflation in oilseeds was (-)15.05 per cent in March 2023. Fuel and power basket inflation eased to 8.96 per cent last month from 14.82 per cent in February. In manufactured products, inflation was (-)0.77 per cent as against 1.94 per cent.

The deceleration in WPI comes in line with the easing of March retail inflation.

Consumer price index based retail inflation declined to a 15-month low of 5.66 per cent in March from 6.44 per cent in February.

In its monetary policy review earlier this month, the RBI cautioned that adverse climatic conditions are a risk to the future inflation trajectory and predicted milk prices to remain firm going into the summer due to tight demand-supply situation and fodder cost pressure.

The central bank also paused the interest rate hike, holding the benchmark rate at 6.50 per cent. It projected retail inflation to average 5.2 per cent in current fiscal year.

# Infosys share drops by almost 11%, most since Covid crash

**NEW DEIHI, (Agency).** Infosys Ltd shares plunged almost 11 per cent to ₹1,238.25 a piece, the most intraday since March 2020, as concerns about demand for Indian IT services surfaced in the aftermath of US and European banks turmoil and recessionary fears.

In the past five years, the stock price of Infosys has gone up by 2.5 times. For instance, in April 2018, the stock was priced at 564, and in April 2023, it was priced at Rs1,388. After Infosys' March quarter results, experts predicted that the stock price could go up to 1,540, which is 25% higher than the current price.

However, the shares started taking a dip as Infosys predicted that this fiscal year's sales growth will only be between 4% and 7%, well below




what analysts' expected of a 10.7% growth, owing to lower client expenditure and an uncertain global market.

The negative prediction provided by Infosys last week, along with an unfavorable quarterly report from competitor Tata Consultancy Services, has prompted fears in the IT sector. The bankruptcy of Silicon Valley Bank and Signature Bank is concerning for the industry since, according to Reuters statistics, the banking, financial, services, and insurance industries in the United States and Europe account for more than 25% of the sector's income.

"Some of the macro challenges especially around banking, financial services and insurance (BFSI) has become bigger and that does mean project cancellations or delays in the deal decision cycle," Apurva Prasad, vice president of institutional research, HDFC Securities told Reuters.

## Haryana

# हरियाणा के करनाल में राइस मिल ढहने से 4 की मौत, अभी कइयों के दबे होने की आशंका

**करनाल, (एजेंसी) हरियाणा के करनाल में देर रात एक राइस मिल ढह गई। इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। घटना जिस वक्त हुई, उस दरम्यान 200 मजदूर मिल में सो रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक, अभी भी कई मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर है और बचाव अभियान जारी है। घटना करनाल के तरावड़ी स्थित तीन मंजिला मिल में हुई।**



हरियाणा के करनाल में सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात एक राइस मिल गिरने से बड़ा हादसा हो गया। घटना करनाल के तरावड़ी स्थित तीन मंजिला मिल में हुई। शिव शक्ति राइस मिल में सोए कुछ मजदूरों के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका है।

करनाल के पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने पुष्टि की है कि चार मजदूरों की मौत हो गई है और उनके शव निकाल लिए गए हैं और लगभग 20 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और अधिकारियों ने कहा कि मलबे में और लोगों के फंसे होने की आशंका है। एसपी ने कहा कि बचाव कार्य जारी है और अभी और मौतों की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

मजदूरों ने बताया कि यह घटना मंगलवार तड़के तीन बजे हुई जब शिव शक्ति राइस मिल में करीब 200 मजदूर सो रहे थे तभी ऊपर की मंजिल की छत गिर गयी। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू करने के लिए फायर ब्रिगेड की टीमों को बुलाया गया।

## Punjab

# अमृतपाल सिंह के कितने करीब पहुंची पुलिस! बड़ा सुराग लगा हाथ, 2 और करीबी हुए गिरफ्तार



**मोहाली, (एजेंसी)** खालिस्तानी आतंकवादी अमृतपाल सिंह पिछले एक महीने से पुलिस और खुफिया तंत्र को छका रहा है। उसके लगभग सभी साथियों पर शिकंजा कस चुका है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पुलिस अमृतपाल के काफी करीब है। इस बीच सोमवार रात को मोहाली में दबिश डालकर पंजाब और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। इन दोनों पर अमृतपाल को छिपाने और भागने में मदद करने का आरोप है। पंजाब और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त अभियान में सोमवार रात मोहाली के सेक्टर 88 स्थित एक घर से दो घंटे तक तलाशी अभियान चलाया। इसके बाद गुरजंट सिंह और निशा रानी को गिरफ्तार किया। सूत्रों ने कहा कि दोनों पर अमृतपाल सिंह को भगाने में मदद करने का आरोप है। इन्होंने अमृतपाल को अन्य सहायता भी प्रदान की।

## Rajsthan

# ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत सैपऊ थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 50 से ज्यादा बदमाश गिरफ्तार

**धौलपुर, (एजेंसी)** थाना प्रभारी सही राम ने बताया आईजी भरतपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश में वांछित अपराधी एवं बदमाशों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन सुदर्शन चक्र अभियान की शुरुआत की है। जिस अभियान के अंतर्गत जिला पर लगातार कार्यवाही कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज रही है। थाना प्रभारी ने बताया सोमवार को सीओ विजय कुमार सिंह के सुपरविजन में पुलिस थाने से करीब आधा दर्जन टीमों का गठन किया गया। पुलिस के जवानों ने सुनियोजित तरीके से 50 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी ने बताया गिरफ्तार सुधा आरोपियों में चोर, बजरी माफिया एवं हार्डकोर अपराधी शामिल हैं। उन्होंने बताया आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस का ऑपरेशन सुदर्शन चक्र अभियान लगातार जारी रहेगा।

## Jammu & Kashmir

# पंजाब तक नशे का नेटवर्क चलाने वाले दो तस्कर गिरफ्तार, नरवाल से ट्रक में मिली 830 किलो भुक्की

**जम्मू, (एजेंसी)** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने भुक्की की बड़ी खेप बरामद की है। जालंधर और कश्मीर के दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो मुख्य रूप से भुक्की की खरीद-फरोख्त करते हैं। शहर के नरवाल इलाके में एएनटीएफ की टीम ने ट्रक से 830 किलो भुक्की बरामद की।

यह कश्मीर से पंजाब लाई जा रही थी। कार्रवाई के दौरान ट्रक (जेके18ए 0425) के साथ पंजाब के जालंधर के रहने वाले जसविंदर सिंह और कश्मीर पुलवामा निवासी नजील कादिर गिरफ्तार किए गए।



पूछताछ में पता चला कि पंजाब के फिल्लौर के हरविंदर सिंह और दिग्विजय सिंह रिसीवर हैं। दोनों कश्मीर से खेप लेते हैं और आगे बेचते हैं। इसके बाद एएनटीएफ की टीम ने जालंधर में छापा मारकर दोनों को पकड़ लिया। एएनटीएफ के एसपी विनय शर्मा का कहना है - अब दो ऐसे लोग पकड़े गए हैं, जो कश्मीर से नशे की खेप लेकर पंजाब बेच देते हैं।

रेलवे स्टेशन जम्मू पर एक महिला गांजा के साथ गिरफ्तार की गई है। वह छत्तीसढ़ से गांजा लेकर जम्मू पहुंची थी। इसे वह जम्मू के अलग-अलग जगहों में बेचना चाहती थी। वह लंबे समय से इसमें लगी हुई थी। महिला का नाम महातरेन है, जो छत्तीसगढ़ की रहने वाली है।

## खेल

# जीत की पटरी पर लौटी धोनी की चेन्नई, अंतिम ओवर में 19 रन नहीं बना सकी आरसीबी की टीम

**बेंगलुरु, (एजेंसी) चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल के 24वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को आठ रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही महेंद्र सिंह धोनी की टीम जीत की पटरी पर लौट आई है। उसे पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने शिकस्त दी थी। दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स को पिछले मैच में हराने वाली आरसीबी की टीम को इस बार अपने होमग्राउंड पर हार का मुंह देखना पड़ा।**



आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। चेन्नई ने 20 ओवर में छह विकेट पर 226 रन बनाए। जवाब में आरसीबी की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 218 रन ही बना सकी। आरसीबी का अगला मुकाबला 20 अप्रैल को मोहाली में पंजाब किंग्स से होगा। वहीं, चेन्नई की टीम 21 अप्रैल को चेन्नई में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उतरेगी।

आरसीबी को आखिरी ओवर में जीत के लिए 19 रन की आवश्यकता थी। सुयश प्रभुदेसाई और वनिंदु हसरंगा टीम को जीत नहीं दिला सके। प्रभुदेसाई ने एक छक्का लगाकर उम्मीद तो जगाई लेकिन वह हसरंगा के साथ मिलकर सिर्फ 10 रन ही जोड़ सके। अंतिम गेंद पर प्रभुदेसाई आउट भी हो गए।

आरसीबी को पहले ही ओवर में चेन्नई के इम्पैक्ट प्लेयर आकाश सिंह ने बड़ा झटका दिया। उन्होंने विराट कोहली (चार रन) को क्लीन बोल्ड कर दिया। कोहली के बाद महिपाल लोमरोर (शून्य) भी नहीं चले। वह दूसरे ओवर में तुषार देशपांडे का शिकार बने।

15 रन पर दो विकेट गिर जाने के बाद आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने तेजी से रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी की। मैक्सवेल 36 गेंद पर 76 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और आठ छक्के लगाए। फाफ डुप्लेसिस 33 गेंद पर 62 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्होंने पांच चौके और चार छक्के लगाए। डुप्लेसिस जब आउट हुए तब 14 ओवर में आरसीबी का स्कोर 159 रन था। यहां से टीम को जीत के लिए छह ओवर में 68 रन बनाने थे। चार विकेट गिर जाने के बाद दिनेश कार्तिक और शाहबाज अहमद ने मोर्चा संभाला। कार्तिक ने तेजी से 14 गेंद पर 28 रन बनाए। वहीं, शाहबाज अहमद 10 गेंद पर 12 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अंतिम ओवरों में सुयश प्रभुदेसाई ने 11 गेंद पर 19 रन जरूर बनाए, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। चेन्नई के लिए तुषार देशपांडे ने तीन और मथीशा पथिराना ने दो विकेट लिए। आकाश सिंह, महीश तीक्षणा और मोईन अली को एक-एक सफलता मिली।

चेन्नई के लिए डेवोन कॉन्वे और शिवम दुबे ने विस्फोटक अर्धशतक लगाया। कॉन्वे ने 45 गेंद पर 83 और शिवम दुबे ने 27 गेंद पर 52 रन की पारी खेली। अजिंक्य रहाणे ने 20 गेंद पर 37 रन बनाए। मोईन अली नौ गेंद पर 19 रन बनाकर नाबाद रहे। अंबाती रायुडू ने छह गेंद पर 14 और रवींद्र जडेजा ने आठ गेंद पर 10 रन का योगदान दिया।

## सिनेमा

# 'मार-मारकर हत्या करने लायक हो', उर्फी जावेद का आरोप, डायरेक्टर के ऑफिस से आई कॉल, मिली धमकी



उर्फी जावेद एक के बाद एक विवाद में अक्सर पड़ जाती हैं. रविवार को उर्फी ने खुलासा किया कि उन्हें धमकी भरी कॉल आ रही हैं. किसी शख्स ने उन्हें पीटने की धमकी दी है. उर्फी जावेद ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्हें पुलिस स्टेशन के बाहर बैठे देखा जा सकता है. वीडियो में उर्फी जावेद बता रही हैं कि उन्हें डायरेक्टर नीरज पांडे के ऑफिस से कॉल आई थी. शख्स ने उन्हें प्रोजेक्ट के बारे में बात करने के लिए अपने ऑफिस बुलाया था. वीडियो के बाद उर्फी ने एक पोस्ट शेयर कर डिटेल्स बताईं. उन्होंने लिखा, 'तो किसी ने मुझे नीरज पांडे के ऑफिस से कॉल की थी. शख्स ने मुझे कहा कि वो डायरेक्टर का असिस्टेंट है और सर मुझसे मिलना चाहते हैं. तो मैंने उसे कहा कि मिलने से पहले प्रोजेक्ट की सारी डिटेल्स मुझे चाहिए. इसपर वो शख्स मुझपर गुस्सा हो गया. उनसे मुझे कहा कि तुम्हारी नीरज पांडे का अपमान करने की हिम्मत कैसे हुई?' आगे एक्ट्रेस ने लिखा, 'उस शख्स ने मुझसे कहा कि वो मेरी गाड़ी का नंबर जानता है. मेरे बारे में सबकुछ जानता है. मुझे मार-मारकर मेरी जान ले ली जानी चाहिए, इसी के मैं लायक हूं. क्योंकि मैं खराब कपड़े पहनती हूं. ये सब उस शख्स ने मुझे सिर्फ इसलिए कहा क्योंकि मैंने उससे बिना पूरी जानकारी के मिलने से मना कर दिया था.'



## कचरे में लगी आग, दुकानों तक पहुंची

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आरएनटी मार्ग पर स्टेट बैंक विश्वविद्यालय प्रांगण के परिसर में फेले सूखे पत्तों में लगी आग पास में लगी दुकानों की छत पर आग पहुंची । सूचना मिलते ही फायर मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो यह आग दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लेती।

# यातायात पुलिस ने की तेज रफ्तार से चलने वाले 16 वाहनों पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। यातायात पुलिस द्वारा तेज रफ्तार में वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। स्टार चौराहा पर तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अंतर्गत 16 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।**

सुगम और सुरक्षित ट्रैफिक के लिए अधिकारियों के दिशा निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है । अधिकतम गति सीमा का उल्लंघन कर तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों पर इंटरसेप्टर व्हीकल स्पीड राडार गन से प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी के चलते सहायक पुलिस आयुक्त बसंत कुमार कॉल के साथ प्रभारी सूबेदार चंदेश मरावी एवं सूबेदार राजेंद्र सिंह चौहान की टीम द्वारा स्टार चौराहे पर अधिकतम गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। इसके अंतर्गत 16 वाहनों के चालान बनाकर शमन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालको को निर्धारित गति सीमा का पालन करते हुए एवं सीट बेल्ट लगाकर वहां चलाने की हिदायत भी दी गई। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर के अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह की आकाश में चेकिंग निरंतर की जाएगी।

# पत्नी की हत्या के आरोपी की तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना में शुक्रवार रात चरित्र शंका में सिलबट्टे से वार कर पत्नी को मौत के घाट उतारने वाला पति अभी भी फरार है। तीन दिनों में पुलिस ने उसकी तलाश में कई ठिकानों पर छापेमारी की। लेकिन वह नहीं मिला। महिला के भाई ने आरोप लगाया कि उसकी बहन पहले भी अपने पति के खिलाफ आवेदन दे चुकी थी। लेकिन पुलिस ने समझाइश देकर मामला रफा दफा करने की कोशिश की थी। बता दें कि मृतका को तीन महीने का गर्भ था। दंपती के दो बच्चे पहले से हैं।

करबला मैदान के पास एक दिन पहले किराए से रहने आई रुखसार बी पर पति इरफान ने बीते शुक्रवार की रात हमला कर दिया था। आसपास के लोगों ने उसे गंभीर हालत में पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने रात में ही उसे एमवाय भेज दिया था। यहां उसकी मौत हो गई थी। बाद में पति की तलाश में देवास, मंदसौर, उज्जैन और जावरा में टीमें भेजी, लेकिन वह नहीं मिला। अफसरों ने आरोपी पर इनाम घोषित करने की बात भी कही है।

भाई अमीर के मुताबिक नवंबर 2022 में उसकी बहन रुखसार बी ने अपने पति इरफान के खिलाफ मारपीट करने के बाद घर से निकालने की धमकी देने की शिकायत की थी। दोनों के दो बच्चे थे। दंपती के विवाद के चलते बच्चों की नानी उसे अपने साथ ले गई थी। समझाइश के बाद उन्हें बाद में भेजा गया था।

**पहले भी कर चुका है हमला-** परिवार के मुताबिक इरफान पहले भी अपनी पत्नी पर हमला कर चुका था। कुछ समय पहले भी उसने पत्नी का सिर फोड़ दिया था। उस समय उसे सिर में टांके आए थे। रुखसार अपने बच्चो के कारण अपने पति के पास रहने आ गई थी। उसने कभी विवाद नही करने की कसम तक खाई थी। लेकिन उसके बाद भी उसने विवाद कर पत्नी की हत्या कर दी।

**युवक की हत्या में भी दो संदिग्धों की तलाश-** उधर, खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी में गत दिनों हुई आदिवासी युवक प्रकाश वास्कले की हत्या में पुलिस ने बागली के युवक को गिर तार किया है, जिसने अपने दो साथियों के शामिल होने की बात बताई है। अब पुलिस इनकी तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार इस मामले में बागली के सुल्तान नामक युवक को पकड़ा है. उसने वारदात में दो और साथियों के नाम उजागर किए हैं। बताया जा रहा है कि जिस लड़की के चक्कर में हत्या हुई है पुलिस ने उससे भी पूछताछ की है। इसके मंगेतर प्रकाश को सुल्तान ने मौत के घाट उतारा था।

# दो दुकानदारों में विवाद, दो पक्षों में जमकर चले डंडे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के एमजी रोड पर सोमवार को दो दुकानदारों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट होने लगी। 10-12 लोगों के बीच जमकर डंडे और लात-घूसे चले। विवाद के बाद मारपीट का वीडियो भी सामने आया है।**

सोमवार शाम को एमजी रोड पर स्थित एक कॉम्प्लेक्स में दो दुकानदार जमकर लडऩे लगे। मामले की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस के एसआई देवेश पाल बल के साथ मौके पर पहुंचे तब तक विवाद शांत हो गया था। पाल ने बताया कि कॉम्प्लेक्स में ऊपर नीचे दुकानें हैं। इस दौरान बीच रोड पर ही एक दुकानदार ने स्टैंड रख दिया, जिसका दूसरे दुकानदार ने विरोध किया। इस दौरान दोनों में विवाद बढ़ गया और नौबत मारपीट तक आ गई।

## अड़ीबाजों ने दुकानवालों को पीटा

दो स्थानों पर आरोपियों ने दो दुकानदारों को रुपयों के लिए धमकाया और मारपीट की। मल्हारगंज इलाके में नशे में तीन आरोपियों ने एक दुकान में घुसकर उत्पात मचाया। दुकानदार को पीटा और सामान फेंक दिया। पुलिस के मुताबिक वारदात कंडिलपुरा में नगरनिगम वर्कशाप के सामने हुई। फरियादी मो.हफीज पिता मो.शफी (40) निवासी निवासी जूना रिसाला की रिपोर्ट पर गोलू उर्फ अजय कौशल नि. कंडिलपुरा, शुभम उर्फ बकरा नि. रामगंज जिंसी और दुर्गा नि. कंडिलपुरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। दुकानदार ने बताया कि तीनों आरोपी नशे में दुकान पर आए और सामान फेंकने लगे जब उन्हें रोका तो मुंह पर मुक्का मार दिया और लात घूंसों से पीटा। शोर मचाने पर आसपास के लोग आए तो आरोपी भाग गए।

इधर चंदननगर इलाके में एक बदमाश ने रहवासी पर हमला कर धमकाया कि तुझे और तेरे परिवार को यंहा रहना है तो मुझे दारू पीने के लिए दो हजार रूपए दे। पुलिस के मुताबिक घटना वर्धमान नगर में हुई। घायल का नाम प्रवीण (34) है। फरियादी मुकेश पिता गंगा राम वर्मा (44) की रिपोर्ट पर आरोपी सोनू सुरागे निवासी वर्धमान नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। आरोपी अपने हाथ में लोहे की पत्ती लेकर आया और बोला मैं इस मोहल्ले का गुंडा हूं। अगर तु हें यहां रहना है तो दो हजार रूपए देना पड़ेंगे। जब उससे कहा कि रूपए नहीं है और किस बात के पैसें दूं तो आरोपी ने हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

# सीए स्टूडेंट का परिजनों के सामने हाथ पकड़ा

● **प्रैक्टिस का झांसा देकर पौने छह लाख भी ऐंठे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लसूड़िया इलाके में रहने वाली एक सीए फाईनल की छात्रा के साथ महाराष्ट्र के युवक ने टैक्स प्रेक्टिस के नाम पर पांच लाख 70 हजार रुपए ठग लिए। इतना ही नहीं आरोपी फरियादिया के घर पहुंच गया और परिजनों के सामने हाथ पकड़कर अपने साथ ले जाने लगा। जब विरोध किया तो आरोपी बाहर से दरवाजा लगाकर भाग निकला। पुलिस के अनुसार युवती की शिकायत पर अभिषेक निवासी ठाणे (महाराष्ट्र) के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादिया ने बताया कि सीए इन्टर्नशिप के दौरान अभिषेक से जान-पहचान हुई थी। अभिषेक ने उसे टैक्स सैटलमेंट और कई तरह के काम दिलाने का वादा किया। छात्रा ने भरोसे में आकर थोडी-थोडी पेमेंट लेते हुए 5 लाख रुपए से ज्यादा वसूल लिए। छात्रा को उसकी हरकतें ठीक नहीं लगी तो अभिषेक से पैसे मांगना शुरू कर दिया। अभिषेक उसे टालने लगा और कहा कि मैं शादी करना चाहता हूं इसलिए मेरे साथ ही रहा करो। रविवार को वह घर आया और परिजनों के सामने हाथ पकड़कर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। जब विरोध किया तो आरोपी ने घर का दरवाजा बाहर से बंद कर भाग गया और अब मैसेज कर धमका रहा है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# कार की टक्र से पति घायल, पत्नी बाल-बाल बची

इंदौर। खंडवा रोड पर इंदौर से करीब 40 किलोमीटर दूर ग्वालू घाट पर एक तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में वृद्धा बाल-बाल बच गईं, लेकिन उनके पति गंभीर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार लिंबी के रहने वाले बंसीलाल माली (60) इंदौर में एक पाइप फैक्ट्री में काम करते हैं। जमीन खरीदी-बिक्री के सिलसिले में वे सोमवार को पत्नी गीतबाई के साथ दोपहिया वाहन से लिंबी आ रहे थे। इसी दौरान घाट के निकट तेज रफ्तार कार ने उनके वाहन को सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में बंसीलाल गंभीर रूप से घायल हो गए, पत्नी गीताबाई को मामूली चोट आई। गीताबाई ने लिंबी में रहने वाले रिश्तेदारों को जानकारी दी तो वे मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया था।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।